गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्रमांक 25 के अंतर्गतस्थापितकेन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(NAAC द्वारा A++ ग्रेड मान्यता प्राप्त)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेलः controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईटःwww.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
(A++ Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email: controllerofexamsggv@gmail.com Website: ggu.ac.in

क्रमांक 667 /परीक्षा/2025 बिलासपुर, दिनांक 10/02/2025

## कार्यालयीय ज्ञाप

विश्वविद्यालय कार्यालयीय ज्ञाप क्र./654/परीक्षा/2025 बिलासपुर दिनांक 27.01.2025 के द्वारा सत्र 2024–25 की स्नातक पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के लिए विषय का चुनाव के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित सभी स्नातक एवं स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (फार्मेसी, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी अध्ययनशाला को छोड़कर) की **द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (एन.ई.पी. को छोड़कर) बी.एड., बी.पी.एड. बी.लिब., एल.एल.बी. सहित तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर स्तर के सभी पाठ्यक्रमों** (फार्मेसी, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी अध्ययनशाला को छोड़कर) **की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2024–25 की मुख्य परीक्षाओं** के लिए समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से विषय का चुनाव करने हेतु तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैः–

| विवरण | तिथियां |
|---|---|
| विषय चयन हेतु निर्धारित अवधि | दिनांक 14/02/2025 से दिनांक 21/02/2025 |
| चयनित विषयों में सुधार हेतु अवधि | दिनांक 22/02/2025 से दिनांक 25/02/2025 |

**टीपः–**

1. संबंधित सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि उपर्युक्त कक्षाओं/प्रोग्रामों के विषयों एवं उनके कोड का अवलोकन कर लें। यदि पूर्व सत्र 2023–24 के विषय कोड में किसी प्रकार की संशोधन की आवश्यकता है तो दिनांक 12.02.2025 तक श्री के.के.राय, उच्च श्रेणी लिपिक (परीक्षा विभाग) से सम्पर्क कर अनिवार्य रूप से संशोधन करवा लें ताकि दिनांक 14.02.2025 से छात्र/छात्रा अपने विषय का चयन कर सकें।
2. निर्धारित समय के पश्चात विषय चयन संबंधी किसी भी प्रकार का सुधार संबंधित विभागाध्यक्ष एवं संबंधित संकायाध्यक्ष के लिखित अनुशंसा पर निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ की जा सकेगी।
3. निर्धारित समय–सीमा में विषय चयन नहीं करने की स्थिति में विभागाध्यक्ष, छात्रों को कक्षा से वंचित कर सकते हैं, जिसके लिए छात्र/छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।
4. संबंधित छात्र/छात्रा अवगत हों कि जिन कक्षाओं/प्रोग्रामों के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, उन कक्षाओं/प्रोग्रामों के परीक्षा परिणाम घोषित होने तथा टी.आर. विभाग में प्राप्त होने की तिथि से 07 दिन तक सम सेमेस्टर के विषय का चयन कर सकते हैं।

आदेशानुसार,

10-02-2025

प्र. परीक्षा नियंत्रक

पृ.क्रमांक 668 /परीक्षा/2025 बिलासपुर, दिनांक 10/02/2025

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति एवं कुलसचिव जी के निज सचिव/निज सहायक की ओर मा. कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, संबंधित अध्ययन शालाओं की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

निरंतर.......(02)

3. विभागाध्यक्ष, संबंधित विभागों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
5. सहायक कुलसचिव, अकादमी की ओर सूचनार्थ एवं समर्थ पोर्टल में सेमेस्टर शुल्क जमा करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
7. वेबसाईट प्रभारी, परीक्षा विभाग की ओर विश्वविद्यालय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)